राष्ट्रीय जनवक्ता

संपर्क सूत्र

प्रधान कार्यालय दमाल शॉपिंग कॉम्पलेक्स चूना भट्टी, कोलार रोड भोपाल मप्र

मो. 9826623633
9926332200

डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/24-26 पिन नं. 462016 RNI. No. 67300/97

दैनिक

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजधानी का प्रमुख दैनिक अखबार

वर्ष-29 अंक-260 (सांध्य दैनिक) भोपाल, बुधवार 13 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रूपया



## प्रदेश में संभाग स्तर पर खोले जाएंगे क्रिस्प सेंटर: सीएम

● राज्यपाल ने कहा-रोजगार की डिमांड पर कौशल विकास प्रोग्राम डिजाइन करे क्रिस्प

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि क्रिस्प प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के उद्योगों में रोजगार की मांग का आकलन कर उसके अनुसार कौशल विकास के कार्यक्रम डिजाइन करें। स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप स्थानीय विद्यार्थियों का कौशल विकास करें जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हो सकें। उधर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में संभागीय मुख्यालय स्तर पर क्रिस्प के सेंटर खोले जाएंगे और इसकी शुरुआत उज्जैन से होगी। मंगलवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड इंडस्ट्रियल स्टॉफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के 29वें स्थापना दिवस में राज्यपाल पटेल ने कही कि इस संस्थान ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल विकास के कार्यक्रमों से युवाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। सरकार के कार्यक्रमों ने विशेष कर बेटियों को भी आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं। इसी का सुखद परिणाम है कि अब आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी जैसे संस्थानों के दाखिलों में बेटियों की भागीदारी बढ़ने लगी है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि भारत में रोजगार अवसरों को बढ़ाने के लिए फोरलेन मॉडल कारगर भूमिका निभा सकता है। इसमें विकेंद्रीकरण, स्वदेशी, उद्यमिता और सहकारिता शामिल हैं। ऐसा देखा गया है जब देश में सहकारिता आधारित उद्योग सक्रिय होते हैं तो देश में सामाजिक समरसता को भी गतिशीलता मिलती है। भारत में लगभग 11 करोड़ लोगों ने लघु और कुटीर उद्योगों के माध्यम से स्वरोजगार को अपनाया है जो रोजगार के लगभग 20 फीसदी से अधिक है। उन्होंने कहा कि संस्थान, प्रशिक्षण प्रयासों में स्किल डेवलपमेंट के साथ स्किल अपडेशन के नए कार्यक्रमों का आयोजन करें।

### उज्जैन में स्थापित होगा क्रिस्प का पहला संभागीय केन्द्र: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए वीडियो संदेश में कहा कि सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के केन्द्रों का विस्तार संभाग स्तर तक किया जाएगा। प्रदेश में औद्योगिक और निवेश गतिविधियों के विस्तार के परिणाम स्वरूप कुशल श्रमिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में कौशल उन्नयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रिस्प के केन्द्रों की संभाग स्तर पर स्थापना से प्रदेश के युवाओं को लाभ होगा। संभाग स्तर पर क्रिस्प के केन्द्र स्थापित करने की शुरुआत उज्जैन से की जाएगी।

## बाढ़-बारिश का तांडव, बिहार के हाल बेहाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के 12 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 17 लाख से ज्यादा की आबादी इससे प्रभावित है। सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में भागलपुर है, यहां की 75 पंचायतों के 4.16 लाख से ज्यादा लोग पीड़ित हैं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश जारी है। लखनऊ में भी तेज बारिश हुई।




विधानसभा परिसर में पानी भर गया। सीएम आवास के पास सड़क पर 2 फीट तक पानी भर गया। उत्तराखंड के देहरादून में तेज बारिश हुई। यहां का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें तेज बहाव में कई गाय बहती नजर आ रही हैं। आज जिले में कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूल बंद हैं। वहीं, मालदेवता क्षेत्र में नदी ने आसपास मौजूद मकानों को नुकसान भी पहुंचा। राज्य में 12-14 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट है। इसी वजह से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए केदारनाथ धाम यात्रा 3 दिन के लिए रोक दी गई है। मंगलवार सुबह से दिल्ली में तेज बारिश हो रही है। इसके कारण कई जगहों पर पानी भर गया है। दो दिन पहले तेज बारिश हुई थी।

## शक्ति और भक्ति की भूमि पर आना मेरा सौभाग्य है

● **भागवत बोले**-भगवान से प्रार्थना है मेरा दिमाग ठीक रहे

**कहा-बहुत सारे संत ऐसे हैं जो संघ के कार्यक्रमों में नहीं आए, लेकिन वो स्वयंसेवक हैं**

**सीकर (एजेंसी)।** सीकर के रैवासा धाम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संत राघवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने 9 दिवसीय सियपिय मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए राघवाचार्य को भी याद किया। संघ प्रमुख ने कहा कि शक्ति और भक्ति की भूमि पर आज मेरा आना हुआ है। भागवत ने कहा कि...यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहां मेरा जिस स्नेह से आपने स्वागत किया है, जो सद्भावना अच्छे शब्दों में प्रकट की है, यह सब देखकर मुझे एक बार फिर मुझे राघवाचार्य महाराज का स्मरण हुआ।



भगवान से प्रार्थना है कि मेरा दिमाग ठीक रहे। संघ प्रमुख ने कहा कि मेरा तो सरसंघ चालक बनने के बाद उनसे संबंध हुआ था। उनसे पहली भेंट में मेरे ध्यान में दो बात आई थी-उनके मन में सबके लिए स्नेह था।

## सुप्रीम सख्ती, पूछा-एमपी की सरकार सो रही है क्या

**ओबीसी के 13 फीसदी होल्ड पदों पर 6 साल में क्या किया**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सरकारी भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 13 फीसदी पद होल्ड होने के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने एमपी सरकार को फटकार लगाई है। ओबीसी महासभा के वकील वरुण ठाकुर ने बताया- कोर्ट ने कहा है कि एमपी सरकार सो रही है क्या। ओबीसी के 13 फीसदी होल्ड पदों पर 6 साल में क्या किया। एडवोकेट ठाकुर ने बताया- याचिका आयोग के चयनित अभ्यर्थियों ने लगाई है, जिनको नियुक्ति नहीं दी जा रही है। मामले में मध्यप्रदेश सरकार ने 29 सितंबर 2022 को एक नोटिफिकेशन जारी किया था, इसे कोर्ट में चैलेंज किया गया है। सरकार ने कोर्ट में कहा था कि हम भी रिजर्वेशन देना चाहते हैं। ऐसे में ऑर्डिनेंस पर जो स्टे



है, उसे वेकेंट किया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा- सबसे बड़ी बात ये है कि मप्र सरकार के जो जनप्रतिनिधि कहते हैं कि हम ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उनके वकील सुनवाई में तब पहुंचते हैं, जब ऑर्डर डिक्टेट हो जाता है। फिर ये नेता कहते हैं कि ऑर्डिनेंस पर स्टे वेकेंट नहीं होने से प्रशासनिक परेशानियां आ रही हैं।

## पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी

**लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश, मिनरल वाटर और न्यूज पेपर भी बंद किए**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय डिप्लोमैट्स को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया, उप उच्चायुक्त जेपी सिंह, और



नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना, सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं।

इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली।

**उत्तराखंड त्रासदी**

## तबाह धराली फिर से नहीं बसेगा, पूरा गांव शिफ्ट होगा

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तरकाशी में बादल फटने के बाद आई आपदा में तबाह हुआ धराली गांव अब दोबारा उस जगह नहीं बसेगा। सोमवार को हुई बैठक में यह फैसला हुआ है। तय हुआ कि धराली गांव सुरक्षित जगह शिफ्ट होगा। नदियों के किनारे और लैंडस्लाइड वाले



संवेदनशील क्षेत्रों में कोई भी नया निर्माण नहीं होगा। इस तरह की संवेदनशील जगहों वाले अन्य गांव भी शिफ्ट किए जा सकते हैं। बीते 10 साल में धराली इलाके में तीन आपदाएं आईं। तीन बार गांव तबाह हुआ, लेकिन हर बार स्थानीय लोगों ने वहां नई इमारतें खड़ी कर लीं। फिलहाल आपदा के 7 दिन बाद भी धराली गांव लाखों टन मलबे में दबा है। उत्तरकाशी के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकेंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। सरकार ने सोमवार को बताया कि कुल 43 लोग लापता हैं। इनमें से एक ही शव मिल पाया है। धराली के विस्थापन के लिए स्थानीय लोगों से चर्चा शुरू कर दी है।

## सजा पूरी कर चुके कैदी तुरंत किए जाएं रिहा

**सुप्रीम कोर्ट बोला- उन्हें जेल में रखना गलत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चिंता जताई कि कई कैदी अपनी सजा पूरी करने के बाद भी जेल में बंद हैं। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी कैदियों को तुरंत रिहा किया जाए, जो अपनी सजा पूरी कर चुके हैं और किसी अन्य मामले में दोषी नहीं हैं।



जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने 2002 के नीतिश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यादव ने मार्च 2024 में 20 साल की सजा पूरी कर ली थी, इसलिए उन्हें उसी समय रिहा कर देना चाहिए था।

## बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं

● एससी के आवारा कुत्तों को हटाने के फैसले पर बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये दशकों से चली आ रही मानवीय और साइंटिफिक पॉलिसी से पीछे ले जाने वाला कदम है। ये बेजुबान पशु कोई 'समस्या' नहीं हैं, जिन्हें हटाया जाए।

राहुल ने एक्स पर लिखा, शेल्टर्स, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल अपनाया जाना चाहिए। इससे बिना क्रूरता के भी डॉग्स को सुरक्षित रखा जा सकता है। पूरी तरह पाबंदी क्रूर-अदूरदर्शी है और हमारी दया-भावना को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों कैसे साथ-



साथ चलें। दरअसल, 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया।

● **कुत्ते सुंदर और सौम्य..राहुल के बाद बहन प्रियंका का 'पशुप्रेम'**- राहुल गांधी के बाद अब कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने रिएक्शन दिया है। कांग्रेस सांसद ने कुत्तों को शेल्टर में भेजने को वाले आदेश पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा, यह जल्दी में उठाया गया कदम जानवरों के साथ अमानवीय व्यवहार का कारण बनेगा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किया गया आदेश, जल्दबाजी के कारण बेजबान जानवरों के साथ अमानवीय व्यवहार का कारण बनेगा। क्योंकि उनके लिए दिल्ली में पर्याप्त शेल्टर मौजूद नहीं हैं। प्रियंका ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि शहरी इलाकों में रहने वाले जानवर पहले से ही प्रताड़ना और क्रूरता का शिकार होते हैं।

**सभी विधानसभा क्षेत्रों में छात्रों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी**

## अब बिहार में डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**नीतीश कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार बच्चों को डिजिटल तरीके से शिक्षा देने पर अब खासतौर से फोकस करने पर जोर दे रही है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके जरिए छात्रों को डिजिटल माध्यम से अध्ययन की सुविधा प्रदान कराई जाएगी।

इसके लिए मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना (एमएमडीएलवाई) का क्रियान्वयन किया जाना है। कैबिनेट से इसके प्रस्ताव पर मंजूरी देते हुए 94 करोड़ 50 लाख 47 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके संचालन के लिए सुपरवाइजर और तकनीकी इंचार्ज की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र में 10 कंप्यूटर टर्मिनल लगाए जाएंगे। इसके अलावा विद्युत और हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी लगाई जाएगी। 10 कंप्यूटर को लगाने के लिए कम से कम 300 वर्ग फुट का क्षेत्र की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए पंचायत भवन, प्रखंड कार्यालय परिसर, नगर परिषद भवन, विकासन भवन, कम्युनिटी लाइब्रेरी के



अलावा जिन सरकारी स्कूल या कॉलेज परिसर में अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हो, तो इसे स्थापित करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

बिहार स्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र की स्थापना पटना जिले में किया जाएगा। इस केंद्र में 60 कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्रीय मॉडल लाइब्रेरी केंद्र में 50 कम्प्यूटर और इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था की जाएगी।

● **पीरपैंती में अब बनेगा ताप विद्युत परियोजना**- भागलपुर के पीरपैंती में बनने वाले सौर ऊर्जा प्लांट के स्थान पर अब ताप विद्युत परियोजना की स्थापना की जाएगी। बिहार राज्य पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड को लीज पर उपलब्ध कराई गई भूमि को टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली की प्रक्रिया से न्यूनतम निविदादाता को निबंधन और मुद्रांक शुल्क की अदायगी पर इसे दिया जाएगा। लीज की समान शर्तों यानी 1 रुपये प्रतिवर्ष के सांकेतिक दर पर 33 वर्षों या बिजली आपूर्ति एकरारनामा अवधि (जो न्यूनतम होगी) की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। यहां 800 मेगावाट क्षमता की 3 यूनिटें स्थापित की जाएगी। देश के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों से दुर्गा पूजा, छठ समेत ऐसे अन्य पर्व-त्योहार के मौकों पर आने वाले लोगों को सुविधा देने के लिए पीपीपी मोड पर अंतरराज्यीय बस परिवहन कराया जाएगा।

# कर्मश्री की विशाल तिरंगा यात्रा 14 को, एक लाख देशभक्त होंगे शामिल

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी यात्रा में शामिल होंगे

**भोपाल, नप्र।**

अपने अनूठे और विशाल आयोजनों के लिए प्रसिद्ध हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा की संस्था कर्मश्री इस बार भी 14 अगस्त को अखंड भारत के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तारतम्य में भारत की सबसे विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रही है। तिरंगा यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदर टेरेसा स्कूल के सामने स्थित तिरंगा यात्रा आरंभ स्थल से ही यात्रा में शामिल होंगे।



कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से कर्मश्री द्वारा पिछले कई वर्षों से यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। मोदी जी के आहवान पर अब देश भर में शहर, गांव और चौक चौराहों गलियों तक तिरंगा यात्रा का माहौल सा बन गया है। अतः कर्मश्री की इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर, हर घर तिरंगा अभियान और नक्सलवाद के सफाए की घोषणा पर हर भारतीय को गौरव का संदेश दिया जाएगा। श्री शर्मा ने बताया कि यात्रा 14 अगस्त को सुबह 10 बजे श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर कोलार सिक्स लेन स्थित मदर टेरेसा स्कूल से आरंभ होगी जो 35 किमी लंबा रूट तय कर भैंसाखेड़ी कृषि उपज मंडी प्रांगण संत हिरदाराम नगर में समाप्त होगी। इस यात्रा में 50 हजार दुपहिया वाहनों पर 1 लाख देशभक्त हाथों मे तिरंगा लेकर शामिल होंगे। यात्रा मार्ग में 1100 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंचों पर 5 लाख से अधिक देशभक्त नागरिक तिरंगा यात्रियों का उत्साहवर्द्धन करने के लिए एकत्र होंगे। श्री शर्मा ने बताया कि तिरंगायात्रा के दौरान पूरा भोपाल तिरंगामय नजर आएगा इस हेतु यात्रा मार्ग सहित प्रमुख स्थानों की आकर्षक साजसज्जा कराई जा रही है।

**35 किमी लंबा यात्रा का रूट, 1100 से अधिक मंचों से होगा स्वागत:** कर्मश्री के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को निकाली जा रही तिरंगा यात्रा प्रातः 10 बजे मदर टेरेसा स्कूल मुखर्जी नगर कोलार से आरंभ होकर बैरागढ़ चिचली कोलार, डी मार्ट चौराहा, ललिता नगर, बीमा कुंज, सर्वधर्म कोलार, चूनाभट्टी, कोलार तिराहा, मैनिट चौराहा, माता मंदिर, अटल पथ चौराहा, नानके तिराहा, रोशनपुरा चौराहा, बाणगंगा, विवेकानंद चौराहा (पॉलिटेक्निक चौराहा), राजा भोज सेतु, वीआईपी रोड, लालघाटी , हलालपुर बस स्टैंड से होते हुए संत हिरदाराम नगर, दीनदयाल उपमंडी भैंसाखेड़ी पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा मार्ग में लगभग 1100 से अधिक स्थानों पर स्थानीय नागरिक बंधुओ सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा बनाए गए स्वागत मंचों पर लगभग 5 लाख नागरिकों के एकत्र होने का अनुमान है।

### जबलपुर समेत 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

# साढ़े 4 इंच तक पानी गिरेगा; दमोह और मैहर में बारिश, भोपाल में बादल

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश के जबलपुर समेत 11 जिलों में मंगलवार को भारी बारिश का अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, 13 अगस्त से बंगाल की खाड़ी से लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) एक्टिव हो रहा है। जिसका असर भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग में भी दिखाई देगा।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान छतरपुर, सतना, पन्ना, रीवा, मैहर, दमोह, कटनी, जबलपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। 13 अगस्त को दक्षिणी हिस्से के जिलों में बारिश के आसार हैं। वहीं, 14 अगस्त को भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर और जबलपुर संभाग के जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

इससे पहले सोमवार को छतरपुर जिले के नौगांव में 2.3 इंच बारिश हो गई। दतिया, ग्वालियर, पचमढ़ी, दमोह, खजुराहो, सतना, सिवनी समेत कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई।

**15 अगस्त से लगातार तेज**



**बारिश :**सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि एक ट्रफ और दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की एक्टिविटी है। इस वजह से प्रदेश में बारिश हो रही है। 13 अगस्त से एक लो प्रेशर एरिया भी एक्टिव हो रहा है। इस वजह से 15 अगस्त से लगातार तेज बारिश होने का अनुमान है।

**तेज झड़ी लगते ही कई जिलों में कोटा होगा फुल :**वैज्ञानिकों के अनुसार, अगस्त के दूसरे सप्ताह में तेज बारिश का दौर शुरू होगा, जो आखिरी तक चलता रहेगा। ऐसे में कई जिलों में बारिश का कोटा अगस्त में ही पूरा हो जाएगा। हालांकि, अब तक ग्वालियर समेत 10 जिलों में कोटा पूरा हो चुका है, लेकिन इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों की तस्वीर बेहतर नहीं है। पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में औसत से 36त्न और पश्चिमी हिस्से यानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में 23त्न बारिश अधिक हुई है। अब तक ओवरऑल 29 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो चुकी है।

### भोपाल में 2006 में अगस्त में 35 इंच बारिश का रिकॉर्ड

भोपाल में अगस्त में मानसून जमकर बरसता है। इस महीने राजधानी में औसत साढ़े 35 इंच तक बारिश हो चुकी है, जो साल 2006 में हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश करीब 12 इंच 14 अगस्त 2006 को हुई थी। पिछले सालों की बात करें तो 2015 और 2022 में 30 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। भोपाल में इस महीने औसत 14 दिन बारिश होती है। इस दौरान 13 दिन तक पानी गिर जाता है। जुलाई जैसे ही सिस्टम एक्टिव होते हैं।

### इंदौर में 1944 में गिरा था 28 इंच पानी

इंदौर में अगस्त महीने में औसत 28 इंच बारिश का रिकॉर्ड है, जो साल 1944 में दर्ज किया गया था। 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड 22 अगस्त 2020 को बनाया था। इस दिन साढ़े 10 इंच पानी गिरा था। पिछले 10 साल में दो बार 17 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इंदौर में अगस्त महीने की औसत बारिश 10 से 11 इंच है। महीने में 12 से 13 दिन तक बारिश होती है।

**गुना में सबसे ज्यादा पानी गिरा, इंदौर सबसे पीछे –**इस बार सबसे ज्यादा पानी गुना में गिरा है। यहां 45.8 इंच बारिश हो चुकी है। निवाड़ी में 45.1 इंच, मंडला-टीकमगढ़ में 44 इंच और अशोकनगर में 42 इंच के करीब बारिश हो चुकी है। विदिशा, जबलपुर, नरसिंहपुर, बालाघाट, डिंडोरी, सागर, पन्ना, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, नर्मदापुरम और उमरिया में 30 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इंदौर संभाग में कम पानी गिरा है।

**एमपी में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान :**प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 29.5 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि 22.8 इंच पानी गिरना था। इस

# लव जिहाद और नशे के खिलाफ लड़ाई को समर्पित विश्व का सबसे बड़ा नरेला रक्षाबंधन महोत्सव

### नरेला रक्षाबंधन महोत्सवः पहले दिन मंत्री श्री सारंग को 24 हज़ार 211 बहनों ने बांधी राखी ,लव जिहाद के विरुद्ध जन-जागरण करेगी विश्वास विजय वाहिनी

**भोपाल, नप्र।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को विश्व के सबसे बड़े नरेला रक्षाबंधन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिन्दू बहन-बेटियों को लव जिहाद जैसे षड्यंत्र से बचाना तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से दूर रखना केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा धर्म और कर्तव्य भी है।उन्होंने कहा कि इस दिशा में 'विश्वास विजय वाहिनी' की महिला कार्यकर्ता लव जिहाद और नशे के विरुद्ध घर-घर जाकर जन जागरण करेंगी। इस अभियान में पीड़ित परिवारों को कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**मंत्री श्री सारंग ने लव जिहाद और नशे के विरुद्ध दिलाया संकल्प:** महोत्सव के दौरान मंत्री श्री सारंग ने लव जिहाद और नशे के खिलाफ संकल्प दिलवाते हुए कहा कि हिन्दू-बहन बेटियों को बहला फुसलाकर व षड्यंत्र कर लव जिहाद का शिकार बनाया जाता है। इसके खिलाफ 'विश्वास विजय वाहिनी' की महिला कार्यकर्ता 20 अगस्त तक नरेला विधानसभा सहित भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि लव जिहाद से पीड़ित परिवारों के लिए निश्शुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि वे न्याय और सुरक्षा पा सकें।



### नशे के खिलाफ सामाजिक एकजुटता

मंत्री श्री सारंग ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का पतन कर देता है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद और नशे, दोनों ही सामाजिक रोग हैं, जिनके खिलाफ जागरूकता और एकजुट प्रयास जरूरी हैं। इस मुहिम में सभी एक साथ आये।

### पहले दिन 24 हज़ार से अधिक बहनों ने बांधी राखी

महोत्सव के पहले दिन 24 हज़ार 211 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को राखी बांधी। रक्षाबंधन महोत्सव के दौरान बहनों ने ऑपरेशन सिंदूर राखी भी बांधी।

इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने सभी बहनों को उपहार स्वरूप छाता, अभिमंत्रित रुद्राक्ष, महाकुंभ का पवित्र गंगा जल व महाकालेश्वर का चित्र भेंट किया। समारोह में बहनों के भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

### रहवासियों ने किया भव्य स्वागत

कार्यक्रम स्थल पहुँचने पर क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री सारंग का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। मुख्य कार्यक्रम स्थल आगमन पर बहनों ने मंत्री श्री सारंग पर पुष्पवर्षा कर उनका स्नेहिल स्वागत किया।

### हर एक बहन से बंधवाई राखी

नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के पहले दिन वार्ड 44 एवं 38 में आयोजन स्थलों पर हज़ारों की संख्या में बहनें राखी बांधने पहुंची। समारोह में स्वयं कतारबद्ध होकर बहनों ने अपनी बारी का इंतजार किया और अपने भैया विश्वास सारंग को राखी बांधी। बुजुर्ग बहनों ने रक्षा-सूत्र बांधकर मंत्री श्री सारंग के सिर पर हाथ रखकर आशीष दिया।

### कल यहां होंगे आयोजन

कल 12 अगस्त को वार्ड 78 के विश्वकर्मा नगर और वार्ड 69 के श्री दुर्गा धाम मन्दिर अशोका गार्डन में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें हजारों बहनें मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधेगीं।

# कांग्रेस ने की बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग



### त्रिलोक दीपानी के नेतृत्व में एसीपी को सौंपा ज्ञापन

**भोपााल।** संत हिरदाराम नगर में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी ढंग से अंकुश की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एवं वरिष्ठ नेता त्रिलोक दीपानी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने एसीपी आदित्य राज सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। वार्ड 5 के कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन ने एसीपी को बताया कि उपनगर के अलावा आस पास के ढाबे रातभर खुले रहते हैं, होटलें भी देर से बंद होती हैं आवारा तत्वों का बाइक एवं स्कूटरों पर तेज गति से आने जाने पर कोई अंकुश नहीं है यही कारण है कि वर्ष 2024 में टी. वार्ड में एक जगह 17 लाख की चोरी के अलावा अन्य चोरियों एवं इस साल चोरी, लूट व लूट की घटनाओं के आरोपियों को नहीं पकड़े जाने के कारण आम जनता व व्यापारियों में असंतोष व्याप्त है। पिछले मंगलवार को कपड़ा कारोबार हीरो इसरानी के साथ रात 11.45 बजे हुई लूट के आरोपी भी अभी तक पुलिस पकड़ से दूर हैं। अशोक मारन ने यह भी बताया कि देर रात तक जो होटलें खुली रहती हैं, वहां अपराधी किस्त के लोगों का जमघट लगा रहता है। संत हिरदाराम नगर में जुआ एवं सट्टे का कारोबार भी पूरे शबाब पर है। ऐसे में इस पर तत्काल व प्रभारी अंकुश लगाए जाने की सख्त जरूरी है।

# प्रदेश के 54 लाख से अधिक बीमा खातों में 1383 करोड़ की फसल बीमा राशि हस्तांतरित

भोपाल, नप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार हमेशा किसानों के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सोमवार को देश भर के किसानों सहित मध्यप्रदेश के 14 लाख 28 हजार 67 किसानों के 54 लाख 23 हजार 287 बीमा खातों में लगभग 1383 करोड़ रुपए की फसल बीमा राशि हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों के बीमा खातों में डाली गई यह राशि लगभग 3 वर्षों के अलग-अलग फसल बीमा की है। इसमें वित्त वर्ष 2023-24 के रबी फसल की बीमा राशि वर्ष 2024 की खरीफ फसल की बीमा राशि और वित्त वर्ष 2024-25 की रबी सीजन की विभिन्न फसलों की बीमा राशि किसानों के खातों में डाली गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह देश के अन्नदाता किसानों के प्रति संवेदनशीलता ही है कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष तक की फसल बीमा राशि पात्र किसानों को दे दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के किसानों को गत तीन साल की फसल बीमा राशि की एकमुश्त सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में कहा कि फसल बीमा की यह राशि का ऐसे समय में आना एक तरह से किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद मददगार है। उन्होंने कहा कि अभी जब बारिश का समय चल रहा है और मूल फसल आने में करीब 2 महीने से ज्यादा का समय बाकी है, ऐसे त्यौहार के सीजन में फसल बीमा की राशि का आना किसानों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों के हित में हर कदम पर सदैव साथ है। फसलों को किसी भी कारण से हुए नुकसान की बीमा राशि दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को फसल बीमा की राशि पाने वाले प्रदेश के सभी किसान भाईयों को बधाई दी है।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल से यूएनएफपीए स्टेट हेड जैकब ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री ाजेन्द्र शुक्ल से मंत्रालय भोपाल में संयुक्त राष्ट जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के स्टेट हेड ऑफ़ ऑफिस सुनील थॉमस जैकब ने सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने संस्थान द्वारा प्रस्तुत अवलोकनों और सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, प्रशिक्षित जनशक्ति की उपलब्धता और जनजागरूकता अभियानों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विमर्श किया। बैठक में प्रदेश में परिवार नियोजन के आधुनिक तरीकों को बढ़ावा देने, शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को नियंत्रित करने के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों और प्राप्त अवलोकनों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री जैकब ने यूएनएफपीए की मध्यप्रदेश में प्रगतिरत गतिविधियों, कार्यक्रमों, उनके परिणामों और क्षेत्रीय स्तर पर सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी साझा की।



# राजगढ़, बुधनी और छतरपुर में अगले साल से शुरू होंगे मेडिकल कॉलेज, फैकल्टी भर्ती प्रक्रिया तेज

**भोपाल।** प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए फैकल्टी की कमी बड़ी चुनौती बन रही है। इस कारण चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने अगले वर्ष प्रारंभ होने जा रहे तीन मेडिकल कॉलेजों के लिए फैकल्टी की भर्ती सहित अन्य तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी हैं। राजगढ़, बुधनी और छतरपुर में अगले वर्ष मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की तैयारी है। पहले मंडला में भी वर्ष 2026-27 के सत्र से एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की योजना थी, पर भवन निर्माण में देरी के चलते अब यह 2027-28 के सत्र में प्रारंभ हो पाएगा। इन कॉलेजों की मान्यता के लिए शीघ्र की नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को आवेदन किया जाएगा। एनएमसी की टीम वर्ष 2026 में निरीक्षण के लिए आएगी, पर इसके पहले फैकल्टी के पदों पर पूर्ति की जाएगी। नए कॉलेजों को फैकल्टी नहीं मिलने की चुनौती के चलते सरकार छोटे जिलों के मेडिकल कॉलेजों के लिए प्रोत्साहन की योजना भी ला रही है। इसमें फैकल्टी को वेतन का लगभग 20 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी कर रही है। यह निर्णय होने के बाद ही पदों पर भर्ती प्रारंभ की जाएगी। इन तीनों कॉलेजों में एमबीबीएस की 150-150 सीटें होंगी। सभी जगह भवन निर्माण का काम भी लगभग पूरा हो गया है। अब फैकल्टी की भर्ती और पुस्तकालय बनाने का काम होना है। प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) से 12 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए आमंत्रण मांगे थे। इनमें दो-अलग ग्रुप ने चार जगह कालेज खोलने का आफर दिया था। इसमें बैतूल, पन्ना, धार और कटनी जिले शामिल हैं। मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कॉलेज खोलने के लिए एमओयू होने जा रहा है।

# प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में लगाए 9 लाख 90 हजार पौधे, एक पेड़ मां के नाम अभियान में पर चल रहा है पौधरोपण कार्यक्रम

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 पौध रोपण अभियान 5 जून 2025 से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाया गया है। अभियान में अब तक करीब 9 लाख 90 हजार पौध रोपित किये जा चुके हैं। लगाए गये पौधों को मिशन लाइफ पोर्टल पर प्रदर्शित भी किया गया है। प्रदेश में विद्यालयों के आस-पास और परिसर में पूरी योजना के साथ पौध रोपण के निर्देश दिये गये है। विद्यालयों के प्राचार्यों को लगाए गये पौधों की सुरक्षा के समुचित उपाय किये जाने के निर्देश दिये गए है। प्रदेश में 92 हजार से अधिक शासकीय स्कूल हैं जहां ये अभियान चलाया जा रहा है। पौध रोपण कार्यक्रम आगामी 30 सितम्बर तक विद्यालयों में ईको क्लब के माध्यम से संचालित होगा। शासकीय विद्यालयों में क्लब फॉर मिशन लाइफ का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत 15 हजार से अधिक ईको क्लब का गठन किया गया है। ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण से जुड़े विषयों, निबंध प्रतियोगिता और जल शक्ति अभियान गतिविधियाँ प्रमुख रूप से आयोजित की जा रही हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये शालेय खेल कैलेण्डर जारी किया है। कैलेण्डर में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएँ और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की तिथियाँ घोषित की गई हैं। इस संबंध में संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण और समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। खेल प्रतियोगिताएँ 8 सितम्बर से शुरू होंगी जो 10 दिसम्बर तक 2025 निर्धारित तिथियों के अनुसार चलेंगी। इन प्रतियोगिताओं में बॉक्सिंग, जूडो, व्हालीबॉल, फुटबॉल, टेनिस, क्रिकेट, जिमनास्टिक, मलखंब, कराते, शतरंग, कबड्डी, तलवार बाजी, एथलेटिक्स, बास्केट वॉल, हॉकी के साथ अन्य खेल भी शामिल किये गये हैं। ये खेल प्रतियोगिताएँ आयु वर्ग के हिसाब से बालक और बालिकाओं के लिये होगी। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जवाहर लाल नेहरू हॉकी शालेय प्रतियोगिता की तिथियाँ भी तय कर दी गई है। जूनियर हॉकी टूर्नामेन्ट(15 वर्ष से कम आयु वर्ग) 8 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक, नेहरू बालिका हॉकी टूर्नामेंट (17 वर्ष से कम आयु वर्ग) 19 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक और नेहरू बालक हॉकी टूर्नामेंट (17 वर्ष से कम आयु वर्ग) 26 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2025 तक तथा इससे जुड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सिवनी में 24 से 30 अगस्त 2025 तक होंगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं।


## नायब तहसीलदार नजूल टी.टी. नगर ( कुनाल राउत ), तहसील – टी.टी. नगर, जिला– भोपाल

### सार्वजनिक नोटिस

**14/8/25**
**जावक क्रमांक.**
**मामला क्रमांक. 0162/4-6/2025-26**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेखे अनुसार - अभिदेख्खों में नामांतरण -की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक को बजे स्थान टी.टी. नगर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक स्र्त्प से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।अनुसूची

आवेदक तेमती सरोज देवी पीत्न श्री नरेन्च महापुर निवासी-वार्ड न. 17. विद्यालय के पास, पजर रीवा द्वारा काम गौना स्थित भीन ख- 208/1/2(5) का अंशभाग 600 वर्गीकर श्रोम का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत दिलाया है।

दिनांक- 02280202022001-APP-25144911 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया

**नांक- 02280202022001-APP-25144911 धानः टी.टी. नगर**

**मुदा**
**राजधानी परियाजनी भोपाल**


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरूण कुमार पटेल द्वारा अरूण ऑफसेट प्रिंटर्स शॉप नं. 1 दमाल शॉपिंग कॉम्पलेक्स चूना भट्टी कोलार रोड भोपाल मप्र पिन कोड नं. 462016 से मुद्रित एवं प्रकाशित। **संपादक : अरूण कुमार पटेल** (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल होगा।) ब्यूरो चीफ भोपाल हेमत कटियार 9926332200